# केन्द्रीय विद्यालय पिकेट

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा (सितंबर-2022)

**कक्षा - पाँचवीं _____ विषय - हिन्दी अंक - 80**

**नाम - ________________________________ रोल न. - _____ समय - 2 घंटे**

| पठन (20) | पद्य-गद्य (10) | व्याकरण (15) | सृजनात्मक लेखन (10) | वर्तनी (10) | शब्दकोश (10) | सुलेख (5) | कुल (80) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

## पठन (20)

**क) गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर/विकल्प चुनो । (प्रश्न 1-10 तक)**

एक चिड़िया थी । वह बहुत ऊँचा उड़ती, इधर-उधर चहचहाती रहती । कभी इस टहनी पर कभी उस टहनी पर फुदकती रहती । उस चिड़िया की एक आदत थी जो भी दिन में उसके साथ होता अच्छा या बुरा उतने पत्थर अपने पास पोटली में रख लेती और अक्सर उन पत्थरों को पोटली से निकाल कर देखती । अच्छे पत्थरों को देखकर बीते दिनों में हुई अच्छी बातों को याद करके खुश होती और खराब पत्थरों को देखकर दुखी होती । ऐसा रोज़ करती । रोज़ पत्थर इकट्ठा करने से उसकी पोटली दिन प्रतिदिन भारी होती जा रही थी । थोड़े दिन बाद उसे भरी पोटली के साथ उड़ने में दिक्कत होने लगी । पर उसे समझ नहीं आ रहा था की वह उड़ क्यों नहीं पा रही ।

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश में किस पक्षी की बात की गई है ?**

**अ)** कबूतर  ब) तोता  **स)** चिड़िया  द) चील

**प्रश्न 2. गद्यांश में आया पक्षी कहाँ फुदकता रहता था ?**

**अ)** ज़मीन पर  ब) हवा में  **स)** पानी में  द) टहनी पर

**प्रश्न 3. गद्यांश में आए पक्षी की क्या इकट्ठा करने की आदत थी ?**

अ) पत्थर  ब) टहनी  **स)** पेड़  द) कुछ भी नहीं ।

**प्रश्न 4. गद्यांश के अनुसार नीचे दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य छाँटिए -**

**अ)** चिड़िया को पता था की उसकी पोटली भारी क्यों हो रही हैं ।

**ब)** अच्छे पत्थरों को देख कर वह दुखी होती थी ।

**स)** चिड़िया पत्थरों को बाल्टी में रखती थी ।

**द)** रोज़ पत्थर इकट्ठा करने से उसकी पोटली भारी हो रही थी ।

**प्रश्न 5. चिड़िया को उड़ने में दिक्कत क्यों आ रही थी ?**

**अ)** भारी पोटली के कारण    ब) चिड़िया के पंख में चोट के कारण

**स)** भोजन नहीं मिलने के कारण    द) प्यास के कारण

**प्रश्न 6. खराब पत्थरों को देखकर वह ___________ होती ।**

**अ)** खुश    **ब)** गुस्सा    **स)** दुखी    **द)** रोती

**प्रश्न 7. रोज़ पत्थर इकट्ठा करने से क्या हो रहा था ?**

**अ)** कुछ नहीं    **ब)** पोटली भारी    **स)** पोटली हल्की    **द)** वह सो जाती थी

**प्रश्न 8. उपर्युक्त गद्यांश हमें किस बारे में बताना चाहता है ?**

**अ)** हमें हमेशा खुश रहना चाहिए    **ब)** दुखी रहो    **स)** पत्थर इकट्ठा करो    द) पोटली खरीदना

**प्रश्न 9. अच्छे पत्थरों को देखकर वह ___________ होती ।**

**अ)** खुश    **ब)** गुस्सा    **स)** दुखी    **द)** रोती

**प्रश्न 10. गद्यांश को ध्यान में रखते हुए बताइए की चिड़िया के पास कितनी पोटली होगी ?**

**अ)** एक (1)    **ब)** दो (2)    **स)** तीन (3)    द) चार (4)

## ख) गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर/विकल्प चुनो। (प्रश्न 1-10 तक)

उड़ीसा पुलिस खास तौर पर हूमर कबूतरों का इस्तेमाल राज्य के कई दुर्गम इलाकों में संदेश पहुँचाने के लिए कर रही है । कानून-व्यवस्था, संकट और अन्य मौकों पर संदेश के लिए ये कबूतर बहुत ही उपयोगी साबित हुए । कबूतरों की संदेश सेवा बहुत सस्ती है और उन पर खास खर्च नहीं आता है । इन कबूतरों का जीवन 15-20 साल होता है और 8-10 साल तक वे बहुत अच्छा काम करते हैं । स्वस्थ कबूतर एक दिन में एक हज़ार किलोमीटर तक का सफ़र कर सकता है । यदि कोई महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाना हो तो दो कबूतरों को भेजा जाता है ताकि बाज के हमले जैसी अनहोनी स्थिति में भी दूसरा कबूतर संदेश पहुँचा दे ।

**प्रश्न 1. उड़ीसा राज्य की पुलिस किन का उपयोग दुर्गम इलाकों में संदेश पहुँचाने के लिए कर रही है ?**

अ) बाज का ब) चिड़ियाँ का स) गधों का द) हूमर कबूतरों का

**प्रश्न 2. यह गद्यांश पाठ्यपुस्तक के किस पाठ से लिया गया है ?**

**अ)** चिट्ठी का सफ़र ब**)** दुनिया की छत **स)** राख की रस्सी द) फ़सलों के त्योहार

**प्रश्न 3. हूमर कबूतर कितने सालों तक अच्छा काम करते हैं ?**

अ) 4-6 ब) 8-10 स) 15-20 द) 8-11

**प्रश्न 4. एक स्वस्थ कबूतर एक दिन में कितने किलोमीटर का सफ़र कर सकता है ?**

अ) एक हज़ार किलोमीटर स) तीन हज़ार किलोमीटर ब) दो हज़ार किलोमीटर द) कोई नहीं

**प्रश्न 5. निम्न में से कौन-सा शब्द गद्यांश में नहीं है ?**

अ) किलोमीटर ब) महत्वपूर्ण स) अनहोनी द) गिरहबाज

**प्रश्न 6. हूमर कबूतर ____________ के समय उपयोगी साबित हुए हैं ।**

अ) संकट ब) उड़ीसा स) सस्ती द) संदेश

**प्रश्न 7. कबूतरों की संदेश सेवा कैसी है ?**

अ) महंगी ब) बेकार स) सस्ती द) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 8. उपर्युक्त गद्यांश हमें किस बारे में बताना चाहता है ?**

अ) तोते के बारे में **ब)** कबूतरों के बारे में **स)** युद्ध के बारे में द) भाईचारे के बारे में

**प्रश्न 9. महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाना हो तो क्या किया जाता है ?**

**अ)** डाकिया ले जाता है **ब)** गुस्सा करते हैं **स)** दुखी होते हैं **द)** दो कबूतरों को भेजा जाता हैं

**प्रश्न 10. हूमर कबूतरों का जीवन काल कितने समय का होता हैं ?**

**अ)** 5-10 साल **ब)** 10-15 साल **स)** 15-20 साल द) 20-25 साल

## <u>पद्य-गद्य</u> (10)

**पूछे गए प्रश्न के उत्तर लिखें।**

**प्रश्न 1. किस माह में भारत के सभी प्रांतों में फ़सलों से जुड़े त्योहार मनाए जाते हैं ? 1**

**प्रश्न 2. माँ ने बालक को कितने पैसे दिए ?** **1**

**प्रश्न 3. बालक कौन-कौन से खिलौने खरीदना चाहता है और क्यों ?** **2**

**प्रश्न 4. पहली बार लड़की ने लोनपो गार के बेटे की मदद किस प्रकार की ?** **2**

**प्रश्न 5. रतन क्या नहीं कर सकता था तथा वह अपनी बातें कैसे कहता था ?** **2**

**प्रश्न 6. अकबर ने जब नक्काशी सीखना चाहा, तो केशव ने उन्हें संदेहभरी नज़रों से क्यों देखा ?** **2**

## व्याकरण (15)

**प्रश्न 1. वह एक बहुत ही अच्छा लड़का** है । रेखांकित शब्द का लिंग बदलो -

क) स्त्री ख) लड़की ग) स्त्रीया घ) पुरुषा

**प्रश्न 2. कोष्ठक में दिए गए शब्द का वचन बदलकर लिखें ।**

*** हमें मिट्टी के ______________ में पानी पीना चाहिए । (मटका)**

क) मटका ख) मटकी ग) मटके घ) मटकियाँ

**प्रश्न 3. जंगल में शेर को देखते ही मोहन के छक्के छूट गए । वाक्य में दिए गए मुहावरे का अर्थ है -**

क) सोना ख) घबरा जाना ग) चिल्लाना घ) आँसू आना

**प्रश्न 4. होनी को कौन टाल सकता है । रेखांकित शब्द का विलोम शब्द बताओ -**

क) अनहोनी ख) अहोनी ग) अमीर घ) होनी

**प्रश्न 5. नीचे दिए वाक्य को भूतकाल में बदलें।** **⁎ बिशन लौट आयेगा ।**

क) बिशन लौटा आया था । ख) बिशन लौट आया । ग) बिशन लौटेगा । घ) बिशन लौट रहा है ।

**प्रश्न 6. नीचे दिए गए रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम भरो।** **⁎ ____ अच्छा व्यक्ति नहीं है ।**

क) मैं ख) वह ग) स्वयं घ) वे

**प्रश्न 7. रेखांकित चिन्ह का नाम बताएँ ।** **⁎ वह कौन है ?**

क) प्रश्नवाचक चिन्ह ख) विस्मयादिबोधक चिन्ह ग) अल्प विराम घ) अर्ध विराम

**प्रश्न 8. शब्द के क्रम को ठीक कर सार्थक वाक्य बनाएँ ।**

क) केशव जन्म का आगरा में हुआ था । ख) केशव का जन्म आगरा में हुआ था ।

ग) जन्म आगरा में हुआ केशव का था । घ) केशव का में जन्म आगरा हुआ था ।

**प्रश्न 9. दिए गए शब्द में से प्रत्यय अलग कीजिए - ⁎ चित्रकार - _____**

क) त्रकर ख) चितकला ग) कलार घ) कार

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्द का संज्ञा-भेद पहचानें - ⁎ हैदराबाद - __________________**

क) भाववाचक संज्ञा ख) जातिवाचक संज्ञा ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 11.** रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखो - **⁎ उनकी आँख में खुशी के आँसू आ गए ।**

क) स्त्री ख) नरेश ग) नयन घ) पुत्र

**प्रश्न 12. 'लग' शब्द में 'आव' जोड़कर नया शब्द बनाओ - _____________**

क) लगआव ख) लगाव ग) लयाव घ) लगाऊ

**प्रश्न 13. वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ है -** **⁎ वह बहुत बड़ा फ़नकार है ।**

क) कलाकार ख) साहस ग) चिल्लाना घ) सयाना

**प्रश्न 14. मुहावरा पूरा करो - ⁎ तीसरी मंजिल से गिरने पर भी कमल का _________________ ।**


क) ईद का चाँद ख) आँख का तारा ग) बाल बाँका न हुआ घ) छाती पीट लेना

**प्रश्न 15. वाक्य में काम वाला शब्द छाँटो -** **⁎ वह बच्चा सारा दिन खेलता है ।**

क) बच्चा ख) वह ग) दिन घ) खेलता

# <u>सृजनात्मक लेखन</u> (10)

**प्रश्न 1. दिए गए मानचित्र में राज्य को पहचानें और वहाँ मनाए जाने वाले फ़सलों के त्योहार की चार विशेषताएँ लिखिए - 5**




**प्रश्न 2. चित्र में दी गई महिला को पहचानकर पाँच पंक्तियाँ लिखो | 5**



# <u>वर्तनी</u> (10)

**प्रश्न 1 दिए गए वाक्यांश के लिए आए शब्द लिखकर रिक्त स्थान को भरिए ।** **1**

*** रह-रहकर कानों में _____________ के चलने की आवाज़ आ रही थी ।**

**क)** चाँपाकल **ख)** चापाकल **ग)** चपाकल **घ)** चाँपकल

**प्रश्न 2 लोनपो गार तिब्बत के बत्तीसवें राजा ___________ गांपो के मंत्री थे ।** **1**

क) सौनगवसन ख) सनगवसैन ग) सौनगवसैन घ) सौमगवसैन

**प्रश्न 3 इला की माँ और दादी ___________ करती थीं ।** **1**

क) काक्षीदाकारी ख) काशीदाकरी ग) काशीदकारी घ) काशीदाकारी

**प्रश्न 4 क्या कबूतर जैसा पक्षी ____________ भी हो सकता है ।** **1**

क) संदेशवहक ख) संदेशवाहक ग) संदेसवाहक घ) सदेशवाहक

**प्रश्न 5 दिए गए अक्षरों को सही क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण शब्द बनाओ।** 1

**न ली वि टे ज़ - ______________**

क) लिज़नविटे ख) टेलीविज़न ग) ज़नटेलीवि घ) नटेलीविज़

**प्रश्न 6. शब्द पूरा करो -** **2**

क) चिट्__ ख) काठि___वाड़ी

**प्रश्न 7. दिए गए वाक्य में से गलती को पहचान कर रेखांकित करें ।** **2**

- कबूतरों को संदेश सेवा बहुत सस्ती है ।
- केशव के माता-पिता आगर में बस गए थे ।

**प्रश्न 8. सही शब्द चुनकर वाक्य को पूरा करो ।** **1**

- किसी ___ हाँक लगाने की आवाज़ आ रही थी । (की / के)

# <u>शब्दकोश</u> (10)

**1. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द छाँटकर लिखिए -** **2**

**I) वह बहुत _______ है उसने कहा था की राम ने अपना पानी ______ कर दिया है ।**

**क)** झूठा, जूठा **ख)** जूठा, झूठा **ग)** अच्छा, बुरा घ) बुरा, अच्छा

**II) जंगल में शेर का _______ चलता है । यह _______ की बात तुम किसी से मत कहना ।** **2**

**क)** राज़, राज **ख)** सवाल, राजा **ग)** राजा, राज **घ)** राज, राज़

**2. शब्द अत्याक्षरी पूरा करो -** **2**

तिब्बत - ________________ - ________________ - ________________ - ______________

**3. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -** **2**

**⁕ जो खेती करता है - ______________________**

**क)** अध्यापक **ख)** किसान **ग)** विद्यालय **घ)** रेलगाड़ी

**⁕ जो स्कूल में पढ़ाता है - ____________________**

क) विद्यालय ख) सैनिक ग) किसान घ) अध्यापक

**4. इन्हें क्या कहकर बुलाओगे -** **2**

⁕ पापा के छोटे भाई को - _____________

⁕ माँ के भाई को - ______________

## <u>सुलेख</u> (5)

**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर-सुंदर अक्षरों में लिखिए ।**

विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है । इससे विद्यार्थी ना केवल एक सफल विद्यार्थी बनते है बल्कि आगे चलकर एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर अपना कार्य करते है । जितनी शिक्षा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है, उतना ही अनुशासन ज़रूरी होता है । बच्चे को अनुशासन की आरंभिक शिक्षा घर से प्राप्त होती है ।